**-प्रेस नोट-**

**जनपद मुजफ्फरनगर**

**दिनांक 29.08.2025**

❖ **थाना सिविल लाइन पुलिस द्वारा मोबाइल छिनैती की घटना का सफल अनावरण, 02 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 29.08.2025 को थाना सिविल लाइन पर नियुक्त उ0नि0 विनोद कुमार मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 -212/25 धारा 304 बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण 1. मौ0 अनस पुत्र रहीस निवासी गढी हसनपुर थाना झिंझाना जनपद शामली उम्र 23 वर्ष 2. अलताफ पुत्र राशिद निवासी हसनपुर लुहारी थाना भवन जनपद शामली उम्र 19 वर्ष को माल रोड से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 01 मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त 01 बिना नम्बर की स्पलैण्डर मोटरसाइकिल बरामद की गयी।

❖ **थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 28.08.2025 को थाना साइबर क्राइम पर नियुक्त निरीक्षक श्री रविन्द्रपाल सिंह मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0-26/2025 धारा 318(4) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त दीपक पुत्र रामफल निवासी ग्राम तलाही -2 चन्दनपुरी थाना झिझाना जनपद शामली , उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से वादी का पोर्ट किया सिम व 01 मोबाइल फोन बरामद किया गया। अभियुक्त द्वारा दौराने पूछताछ बताया कि मैने आवेदक का मोबाईल लेकर उसके नम्बर से 1900 पर मोबाईल नम्बर पोर्ट कराने का मैसेज भेजकर पोर्ट OTP अपने फोन मे ले लिया तथा आवेदक के फोन से उसका आधार कार्ड लेकर अपने दोस्त से एक सिम लेने के अनुरोध किया कि मेरे नाम पर सिम नही निकल पा रहा है अपने नाम पर एक सिम निकलवा दे, इस पर मेरे दोस्त ने अपने नाम पर पोर्ट सिम निकलवाकर मुझे दे दिया। मेरे द्वारा आवेदक के सिम एवं आधार कार्ड से यूपीआई आईडी जनरेट कर उस सिम पर लिकं पीएनबी बैंक खाते से रुपये अपने चचेरे भाई के खाते में ट्रासंफर किये गये थे। इस सम्बन्ध में उपरोक्त अभियोग में धारा 336(3), 338,339,340(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी है।

❖ **थाना चरथावल पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र का प्रदर्शन करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार-**

दिनांक 29.08.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री जागेन्द्र सिंह ढिल्लों मय हमराहिगण द्वारा सोशल मीडिया पर अवैध शस्त्र के साथ वीडियो वायरल करने वाले अभियुक्त राहुल पुत्र पाप्पा उर्फ रंजीत निवासी ग्राम बिरालसी थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर को बिरालसी पुलिया से रोनी हरजीपुर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त के कब्जे से वीडियो में प्रदर्शित अवैध तलवार को बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना चरथावल पर मु0अ0स0 217/25 धारा 4/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

❖ **<u>थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 29.08.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री विशाल राठी मय हमराहिगण द्वारा 01 अभियुक्त रविकान्त त्यागी पुत्र सलेक चन्द त्यागी उम्र करीब 42 वर्ष निवासी ग्राम सोहजनी तगान थाना मंसूरपुर जनपद मुजफ्फरनगर को खाईखेडी रोड से रजवाहे की पटरी की तरफ ट्यूवबैल के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा .315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना पुरकाजी पर मु0अ0सं0 150/25 धारा 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया।